# समाचार वाणी

**ख़बर जो करें असर !**

**नाशिक** | **Friday, 25 September 2026**


# वर्ल्ड रैंकिंग 2026 मे भारत के 54 संस्थानों को मिली जगह, PM मोदी बोले- शिक्षा क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि।

Publisher | Published on 20 Jun 2025




## आईआईटी दिल्ली ने टॉप भारतीय संस्थान बनकर मारी बाजी, प्रधानमंत्री मोदी और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने एनईपी 2020 की सराहना की।

**भारत की शिक्षा प्रणाली को मिला अंतरराष्ट्रीय सम्मान**

**नई दिल्ली : क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 (QS World University Rankings 2026)** में भारत ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। इस साल भारत के 54 **उच्च शिक्षण संस्थानों** को इस प्रतिष्ठित रैंकिंग में शामिल किया गया है। इस अवसर पर **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान** ने सोशल मीडिया पर अपनी खुशी जाहिर की।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "QS वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 हमारे शिक्षा क्षेत्र के लिए बड़ी खबर है। सरकार युवाओं के लिए अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने हेतु प्रतिबद्ध है।"

**आईआईटी दिल्ली बना सबसे ऊंचा रैंकिंग प्राप्त भारतीय संस्थान**

**आईआईटी दिल्ली** ने इस साल धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए **QS रैंकिंग** में 123वां स्थान प्राप्त किया है। पिछले दो वर्षों में इस संस्थान ने 70 से अधिक पायदान की छलांग लगाई है। यह उपलब्धि भारत में **उच्च शिक्षा की गुणवत्ता** और **वैश्विक प्रतिस्पर्धा** में बढ़ती हिस्सेदारी को दर्शाती है।

**दुनिया की तुलना मे भारत चौथे स्थान पर**

इस साल **QS रैंकिंग** में 8 नए भारतीय संस्थानों को भी शामिल किया गया है। इस तरह भारत अब संख्या के हिसाब से चौथे

स्थान पर है:

**अमेरिका : 192 संस्थान**

**ब्रिटेन : 90 संस्थान**

**चीन : 72 संस्थान**

**भारत : 54 संस्थान**

रिपोर्ट के अनुसार, किसी अन्य देश ने इस वर्ष इतने नए संस्थान **QS रैंकिंग** में शामिल नहीं कराए हैं। जॉर्डन और अजरबैजान के 6-6 संस्थान नए जुड़े हैं।

### एनईपी 2020 ने दी नई उड़ान

**केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान** ने कहा, "2014 में सिर्फ 11 **भारतीय विश्वविद्यालय QS रैंकिंग** में शामिल थे, अब यह संख्या बढ़कर 54 हो गई है। यह पांच गुना छलांग प्रधानमंत्री मोदी जी की शिक्षा नीतियों की सफलता है। **एनईपी 2020** भारत के शैक्षिक क्षेत्र में क्रांति ला रही है।"

### QS वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग क्या है?

**QS वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग** को हर साल लंदन की **ग्लोबल एजुकेशन फर्म Quacquarelli Symonds (QS)** द्वारा प्रकाशित किया जाता है। यह **रैंकिंग शिक्षण गुणवत्ता, रिसर्च आउटपुट, इंटरनेशनल स्टूडेंट्स** और **फैकल्टी, अकादमिक प्रतिष्ठा** जैसे कई मानकों पर आधारित होती है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.